>

Title: Need to waive off the loans of farmers affected due to drought in Nalanda district of Bihar and also provide special package for facilitating irrigation by installing deep boring tubewells in the region.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): पिछले दो वर्षों से लगातार मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा में सूखा पड़ रहा है। किसानों की माली हालत बद् से बद्तर हालत में पहुंच गई है। लोग दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं। पिछले वर्ष सरकार द्वारा यह सार्वजनिक घोषणा की गई कि मेरे नालन्दा जिले के सभी प्रखंडों के किसानों का के.सी.सी. ऋण माफ कर दिया जायेगा। माफ भी कर दिया गया है लेकिन जो लोग ऋण माफी की घोषणा से पहले किसी तरफ कर्जा-पैसा लेकर अपना के.सी.सी. ऋण जमा करवा दिया, इस डर से कि कहीं उनके घर की कुर्की न हो जाये। लेकिन उन किसानों का के.सी.सी. ऋण माफ नहीं किया गया। इस वर्ष भी मेरे संसदीय क्षेत्र नालन्दा जिला में जबरदस्त सूखा पड़ा है। किसानों की कमर टूट गई है। केवल 24 प्रतिशत ही धान की रोपाई हुई है। इसलिए इस वर्ष किसानों का के.सी.सी. ऋण माफ किये जाने की आवश्यकता है।

इस सदन के माध्यम से मैं केन्द्र सरकार से यह मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र नालन्दा जिले के सभी प्रखंडों के किसानों का के.सी.सी. ऋण माफ किया जाये और उन्हें विशेष राहत पैकेज केन्द्र सरकार की तरफ से यथाशीघ्र भिजवाया जाये तथा मैं यह भी केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र नालन्दा के सभी सूखाग्रस्त प्रखंडों के सभी पंचायतों में दो डीप बोरिंग ट्यूबवेल तथा दस-दस जी.आई. डीप बोरिंग चापाकल लगवाया जाये ताकि लोगों के खेतों की सिंचाई हो सके तथा उन्हें पेयजल मिल सके।